Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَاِذَا جَآءَكَ الَّذِيْنَ يُؤْمِنُوْنَ بِاٰيٰتِنَا فَقُلْ سَلٰمٌ عَلَيْكُمْ كَتَبَ رَبُّكُمْ عَلٰى نَفْسِهِ الرَّحْمَةَ اَنَّهٗ مَنْ عَمِلَ مِنْكُمْ سُوْٓءًا بِجَهَالَةٍ ثُمَّ تَابَ مِنْۢ بَعْدِهٖ وَاَصْلَحَ فَاَنَّهٗ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ

(सूरत अल् ईनाम : 55)

अनुवाद : और जब तेरे पास वे लोग आएं जो हमारी आयात पर ईमान लाते हैं तो (उनसे) कहा कर तुम पर सलाम हो (तुम्हारे लिए)तुम्हारे रब ने अपने ऊपर रहमत फ़र्ज़ कर दी है। (अर्थात) यह कि तुम में से जो कोई जहालत से बदी का इर्तिकाब करे फिर इसके बाद तौबा कर ले और इस्लाह कर ले तो (याद रखे कि) वह (अर्थात अल्लाह) निसंदेह बहुत बख़शने वाला (और) बार-बार रहम करने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 7
अंक- 21

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

मूल्य
575 रुपए
वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

24 शवाल 1443 हिज्री कमरी, 26 हिजरत 1401 हिज्री शम्सी, 26 मई 2022 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

हज़रत साद बिन रबीआ रज़ियल्लाहु अन्हु की त्याग की भावना

(2048) हज़रत अबदुर्रहमान बिन ओफ़ रज़ियल्लाहु अन्हु कहते हैं : जब हम मदीना में आए तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुझे और साद रज़ियल्लाहु अन्हु बिन रबी को आपस में भाई भाई बना दिया तो साद रज़ियल्लाहु अन्हु बिन रबी ने कहा : मैं अंसार में से ज़्यादा मालदार हूँ। इसलिए मैं तक़सीम करके आधा माल आप रज़ियल्लाहु अन्हु को दे देता हूँ और देखिए मेरी दो पत्नियों में से जो आप रज़ियल्लाहु अन्हु पसनद करें, मैं आप रज़ियल्लाहु अन्हु के लिए उससे विमुख हो जाऊंगा। जब उसकी इद्दत गुज़र जाए तो उस से आप रज़ियल्लाहु अन्हु निकाह कर लेना। रावी कहता है कि (यह सुन कर) हज़रत अबदुर्रहमान रज़ियल्लाहु अन्हु ने उनसे कहा : मुझे इसकी कोई ज़रूरत नहीं। क्या यहां कोई मंडी है जिसमें व्यापार होता हो? तो उन्होंने कहा क़ैनक़ाअ की मंडी है। रावी कहता है कि हज़रत अबदुर्रहमान रज़ियल्लाहु अन्हु यह मालूम कर के सुब्ह-सवेरे वहां गए और पनीर और घी ले आए। रावी ने कहा : फिर ईसी तरह हर सुबह आप रज़ियल्लाहु अन्हु मंडी में जाते रहे। अभी कुछ अरसा नहीं गुज़रा था कि हज़रत अबदुर्रहमान रज़ियल्लाहु अन्हु आए और उन पर ज़ाफ़रान का निशान था तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : क्या आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने शादी करली है? अर्ज़ किया : जी हाँ। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: किस से? कहा : अंसार की एक औरत से। फ़रमाया : कितना मेहर दिया है? अर्ज़ किया : एक गुठली बराबर सोना या (ये कहा कि) सोने की गुठली। नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन से फ़रमाया : वलीमा करो ख़ाह एक बकरी का ही सही। (सही बुख़ारी, भाग 4 किताब अल् बीयू, प्रकाशन 2008 क़ादियान)

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरत नहल आयत : 67 وَاِنَّ لَكُمْ فِى الْاَنْعَامِ لَعِبْرَةً نُسْقِيْكُمْ مِّمَّا فِىْ بُطُوْنِهٖ مِنْۢ بَيْنِ فَرْثٍ وَّدَمٍ لَّبَنًا خَالِصًا سَآئِغًا لِّلشّٰرِبِيْنَ तफ़सीर में फ़रमाते हैं:

यह फ़रमा कर पशुओं में भी तुम्हारे लिए इबरत है

जीवित रसूल सदैव के लिए केवल मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ही हो सकते हैं।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

नादान और बद-अंदेश मुख़ालिफ़ों ने इस इलम पर कभी ग़ौर नहीं किया। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के चमत्कारों पर आरोप लगया है। परन्तु अफ़सोस है उन आँख बंद करके एतराज़ करने वालों को यह मालूम नहीं हुआ कि जिस क़दर चमत्कार हमारे नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से ज़ाहिर हुए हैं, दुनिया में समस्त नबियों के चमत्कारों को भी अगर उन के मुक़ाबला में रखें, तो मैं ईमान से कहता हूँ कि हमारे पैग़ंबर-ए-ख़ुदा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के चमत्कार सबसे बढ़कर साबित होंगे। इस बात के अतिरिक्त कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की भविष्यवाणियों से क़ुरआन शरीफ़ भरा पड़ा है और क़ियामत तक और इसके बाद तक की भविष्यवाणियां इस में मौजूद हैं। सबसे बढ़कर सबूत रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की भविष्यवाणियों का यह है कि हर ज़माना में इन भविष्यवाणियों का ज़िंदा सबूत देने वाला मौजूद होता है। इस लिए इस ज़माना में अल्लाह तआला ने मुझे बतौर निशान खड़ा किया और भविष्यवाणियों का एक अज़ीमुश्शान निशान मुझे दिया ता में उन लोगों को जो हक़ायक़ से बे-बहरा और मार्फ़त इलाही से वंचित हैं, रोज़ रोशन की तरह दिखादूँ कि हमारे पैग़ंबर ख़ुदा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के चमत्कारों कैसे मुस्तक़िल और दाइमी हैं।

क्या बनी इसराईल के बक़ीया यहूद या हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को ख़ुदावनद ख़ुदावनद पुकारने वाले ईसाइयों में कोई है जो इन निशानात में मेरा मुक़ाबला करे। मैं पुकार कर कहता हूँ कि कोई भी नहीं। एक भी नहीं। फिर यह हमारे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की चमत्कार दिखाने वाली शक्ति का प्रमाण है क्योंकि ये प्रमाणित बात है कि नबी के चमत्कार ही वे चमत्कारों कहलाते हैं, जो उस के किसी अनुयायी के हाथ पर सरज़द हों। अतः जो निशानात ख़वारिक़ आदात मुझे दिए गए हैं,जो भविष्यवाणियों का अज़ीमुश्शान निशान मुझे अता हुआ है, यह वास्तवम में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ज़िंदा चमत्कार हैं और किसी दूसरे नबी के अनुयाइयों को यह आज फ़ख़र नहीं है कि वे इस तरह पर दावत कर के ज़ाहिर कर दे कि वे भी अपने अंदर अपने अनुसरणीय नबी की कुदसी-ए- क़ुव्वत की वजह से ख़वारिक़ दिखा सकता है। यह फ़ख़र केवल इस्लाम को है और इसी से मालूम होता है कि ज़िंदा रसूल सदैव के लिए केवल मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ही हो सकते हैं, जिनके नफ़ूस-ए- तय्यबा और क़ुव्वत क़ुदसिया के अधीन हर ज़माना में एक मर्द-ए-ख़ुदा ख़ुदा नुमाई का सबूत देता रहता है। (मल् फ़ूज़ात, भाग 1, पृष्ठ 373 प्रकाशन 2018 क़ादियान)

तुम्हारे लिए पशुओं में भी यक़ीनन नसीहत हासिल करने का ज़रीया मौजूद है, क्या तुम देखते नहीं कि इनके गोबर और ख़ून के मध्य से हम तुम्हें पीने के लिए पाक और साफ़ दूध प्रदान करते हैं जो पीने वालों के लिए ख़ुशगवार होता है

क्या लतीफ़ बात वर्णन फ़रमाई है। पशु आहार के तौर पर भी काम आते हैं। उनमें से दूध भी लिया जाता है। उनका गोश्त भी खाया जाता है। इसके इलावा इनाम अस्बाब उठाने के भी काम आते हैं। अरब में ज़्यादा-तर ऊंट इस काम आते थे क्योंकि वहां गाय बैल कम होते हैं लेकिन दूसरे मुल्कों में बेल भी बोझ उठा कर ले जाने में बहुत मदद देते हैं। रह गईं बकरियां और भेड़ें अतः कुछ पहाड़ी मुल्कों में उनसे भी सामान उठाने का काम लिया जाता है विशेषता जबकि सफ़र ऊंचे पहाड़ों का हो तो उन जानवरों पर थोड़ा थोड़ा समान लाद कर पशु पालने वाले किराया का फ़ायदा भी उठा लेते हैं। मैं ने कांगड़ा में देखा है कि लाहौल के पहाड़ों पर से आने वाले गडरीए अपने अस्बाब कसरत से भेड़ों पर लाद कर लाते हैं। सैंकड़ों भेड़ों पर दस दस, बीस बीस सैर समान लदा हुआ अजीब लुतफ़ देता है। अतः सब चार पैरों वाले ही अस्बाब उठाने का काम देते हैं। अतः عِبْرَة का शब्द जो عُبُور से निकला है जिसके माने सफ़र के भी होते हैं उसे इस्तिमाल कर के इस तरफ़ इशारा फ़रमाया कि जानवरों से सफ़रों में काम लेते हो वह तुमको और तुम्हारे अस्बाब को एक जगह से दूसरी जगह तक ले जाते हैं परन्तु उनसे इबरत हासिल नहीं करते। अर्थात

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

ख़ुत्बः जुमअः

"संक्षिप्त ख़ुलासा हमारी तालीम का यही है कि इन्सान अपनी समस्त ताक़तों को ख़ुदा की तरफ़ लगा दे"

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

रमज़ानुल मुबारक की मुनासबत से हज़रत-ए-अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के इर्शादात-ए-मुबारका की रोशनी में जमाअत को ख़ालिस तक़्वा के हुसूल की नसीहत

"इस्लाम का कमाल तो तक़्वा है जिससे विलायत मिलती है, जिससे फ़रिश्ते कलाम करते हैं, ख़ुदा तआला ख़ुशखबरी देता है"

"हक़ीक़ी तक़्वा के साथ जाहेलियत जमा नहीं हो सकती, हक़ीक़ी तक़्वा अपने साथ एक नूर रखती है"

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 22 अप्रैल 2022 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

आजकल हम रमज़ान के महीने से गुज़र रहे हैं और तक़रीबन बीस दिन गुज़र गए। अल्लाह तआला के फ़ज़ल से हर मोमिन इस महीने में यह कोशिश करता है कि वे ज़्यादा से ज़्यादा इस महीने के फ़ैज़ से हिस्सा ले। अल्लाह तआला ने रोज़ों की फ़र्ज़ीयत के हुक्म में शुरू में ही रोज़े का यह उद्देश्य वर्णन फ़रमाया है कि रोज़े तुम पर इसलिए फ़र्ज़ किए गए हैं ताकि तुम तक़्वा इख़तियार करो।

अतः रोज़ों और रमज़ान के फ़ैज़ से हम तभी हिस्सा पा सकेंगे जब हम रोज़ों के साथ अपने तक़्वा के मयार भी बुलंद करने वाले होंगे। हर किस्म की बुराईयों से बचने के लिए अल्लाह तआला की पनाह में आने की कोशिश करेंगे। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि रोज़ा ढाल है।

(सही अल् बुख़ारी, किताब अल् तौहीद, बाब قول الله تعالیٰ یریدون ان یبدلوا کلام الله, हदीस 7492) क्या केवल नाम का रोज़ा रखना ही हमारे लिए काफ़ी है? सेहरी और अफ़तारी करना ही काफ़ी है? क्या हमारा इतना काम ही हमें रोज़े की ढाल के पीछे ले आएगा कि हमने सेहरी और अफ़तारी कर ली? नहीं बल्कि इसके लवाज़मात को भी देखना होगा और बुनियादी उद्देश्य जो अल्लाह तआला ने बताया है जैसा कि मैंने कहा कि वह यह है कि لَعَلَّكُمْ تَتَّقُوْنَ (अल् बकरः : 184) ताकि तुम तक़्वा इख़तियार करो। अतः अगर हमने अपने रोज़ों को, अपने रमज़ान को वे रोज़े और रमज़ान बनाना है जो अल्लाह तआला की ख़ातिर हो अल्लाह तआला की रज़ा के हुसूल के लिए हो, जिसका अज्र स्वयं अल्लाह तआला बनता हो तो हमें फिर उसे इस मयार पर लाना होगा जो ख़ुदा तआला हम से चाहता है और जिस के लिए रोज़े फ़र्ज़ किए गए हैं और वे जैसा कि मैंने कहा अल्लाह तआला ने स्पष्ट फ़र्मा दिया है कि अल्लाह तआला का तक़्वा इख़तियार करो।

हम अपने आपको मोमिन कहते हैं, मुस्लमान कहते हैं, यह दावा करते हैं कि हमने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इर्शादात पर अमल करते हुए, आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर अपने ईमान को कामिल करते हुए इस बात को भी माना है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की भविष्यवाणी के अनुसार जिस मसीह और मह्दी ने आना था वह हज़रत मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद क़ादियानी अलैहिस्सलाम के वजूद में आ चुका है और अब दीन-ए-इस्लाम की निशात-ए-सानिया का काम अल्लाह तआला के वादे के अनुसार इस मसीह और मह्दी के हाथ से ही होना है। अतः हमारा फ़र्ज़ है कि अपने अंदर इस्लाम की हक़ीक़ी रूह को क़ायम रखने के लिए मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम से ही मार्ग दर्शन लें।

इस लिए जब हम देखते हैं कि तक़्वा के विषय में आप इरशाद फ़रमाते हैं तो इस मज़मून से भी हमें आगाही होती है कि तक़्वा क्या है? जैसा कि मैंने कहा कि हम ये दावा करते हैं कि हम मुस्लमान हैं और हम ईमान लाने वालों में शामिल हैं तो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं तो फिर सुनो कि ईमान का पहला मरहला यह है कि इन्सान तक़्वा इख़तियार करे और फिर फ़रमाया कि तक़्वा क्या है?

फिर इस का उत्तर यह है कि हर किस्म की बदी से अपने आपको बचाना। अब अगर हम जायज़ा लें तो यह कोई मामूली बात नहीं है। हमें अपने जायज़ा से ही पता चल जाएगा कि क्या हम तक़्वा का हक़ अदा करते हुए हुक़ूक़ुल्लाह की अदायगी कर रहे हैं। क्या हम तक़्वा पर चलते हुए अल्लाह तआला की मख़लूक़ के हक़ अदा कर रहे हैं। आप ने फ़रमाया कि यह बात कि तक़्वा क्या है उस वक़्त तक पता नहीं चल सकती जब तक इन बातों का मुकम्मल इलम न हो। इलम हासिल करना ज़रूरी है क्योंकि बग़ैर इलम के कोई चीज़ हासिल ही नहीं हो सकती, उसको आदमी पा ही नहीं सकता। आप ने फ़रमाया कि यह इलम हासिल करने के लिए कि क्या अल्लाह तआला के हक़ हैं? क्या बंदों के हक़ हैं? किन बातों से अल्लाह तआला ने रोका है? किन बातों के करने का अल्लाह तआला ने हुक्म दिया है इस के लिए बार-बार क़ुरआन शरीफ़ को पढ़ो। फ़रमाया और तुम्हें चाहिए कि जब क़ुरआन शरीफ़ पढ़ रहे हो तो बुरे कामों की तफ़सील लिखते जाओ और फिर ख़ुदा तआला के फ़ज़ल और ताईद से कोशिश करो कि इन बदियों से बचते रहो। आप ने फ़रमाया कि यह तक़्वा का पहला मरहला होगा।

अतः इस रमज़ान में हम क़ुरआन शरीफ़ भी पढ़ रहे हैं और साधारणतः क़ुरआन-ए-करीम पढ़ने की तरफ़ ज़्यादा तवज्जा होती है तो इस सोच से पढ़ना चाहिए कि उसके वे आदेश जो करने और रुकने का आड़ आदेश हैं हमने ग़ौर करना है और बुरे कामों से रुकना है और अच्छे कामों को अदा करने की कोशिश करनी है। इन पर अमल करने की कोशिश करनी है। आप ने फ़रमाया क़ुरआन शरीफ़ में अव्वल से आख़िर तक अमर और नवाही (धर्म ने जिन कर्यों के करने का आदेश दिया है और जिन कार्यों से मना किया है) और अहकाम-ए-इलाही की तफ़सील मौजूद है। अतः हमें इन चीज़ों को देखना होगा, इन पर ग़ौर करना और उन पर अमल करना होगा और यही एक मोमिन की निशानी है। आप इस बात को बड़े ज़ोर से वर्णन फ़रमाया कि जब तक इन्सान मुत्तक़ी नहीं बनता उसकी इबादात और दुआओं में क़बूलीयत का रंग पैदा नहीं होता क्योंकि अल्लाह तआला ने यही फ़रमाया है, जैसा कि फ़रमाता है। اِنَّمَا يَتَقَبَّلُ اللّٰهُ مِنَ الْمُتَّقِيْنَ (अल् मायदा : 28) अर्थात : निसंदेह अल्लाह तआला मुत्तक़ियों की ही इबादत को क़बूल फ़रमाता है। फ़रमाया यह सच्ची बात है कि नमाज़ रोज़ा भी मुत्तक़ियों का ही क़बूल होता है। फिर इसका जवाब दिया कि इबादात की क़बूलीयत क्या है? और इस से मुराद क्या है? क़बूलीयत क्या चीज़ है? तो इस का जवाब यह है कि जब हम यह कहते हैं कि नमाज़ क़बूल हो गई है तो इस से मुराद यह होती है कि नमाज़ के असरात और बरकात नमाज़ पढ़ने वाले में पैदा हो गए हैं। जब तक वे बरकात और असरात पैदा न हों, फ़रमाया उस वक़्त तक निरी टक्करें ही हैं। अतः हमें देखना होगा कि क्या हमारा रमज़ान, हमारे रोज़े हमें इस मयार पर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं? आप ने फ़रमाया कि ऐबों और बुराईयों में अगर डूबा ही रहा तो तुम ही बताओ कि इस नमाज़ ने इस को क्या फ़ायदा पहुंचाया। चाहिए तो यह था कि नमाज़ के साथ उस की बुराईयां और बदीयाँ जिन में वे ग्रस्त था कम हो जातीं और नमाज़ इसके लिए एक उम्दा ज़रीया है। फ़रमाया अतः पहली मंज़िल और मुश्किल उस इन्सान के लिए जो मोमिन बनना चाहता है यही है कि बुरे कामों से परहेज़ करे और इस का नाम तक़्वा है। (उद्धरित भाग 8 पृष्ठ 374 से 377 ऐडीशन 1984 ई.)

अतः हमारी इबादतों, हमारे रोज़े, हमारा क़ुरआन-ए-करीम पढ़ने में अगर हम में अमली तबदीलीयां पैदा नहीं कीं और तक़्वा जिसका हुसूल रोज़ों का उद्देश्य है वह हासिल करने की कोशिश नहीं की तो हमने अपने रोज़ों के उद्देश्य को पूरा नहीं किया।

शेष पृष्ठ 6 पर

ईद के दिन यह अह्द करना चाहिए कि मैं अल्लाह तआला के हक़ अदा करने की भी मुस्तक़िल कोशिश करता रहूँगा और बंदों के हक़ अदा करने की भी नियमित कोशिश करता रहूँगा तभी हमारी ईदें हक़ीक़ी ईदें होंगी।

सारांश ख़ुत्बः जुमअः ईदुल फ़ित्र सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 02 मई 2022 ई॰ स्थान मस्जिद मुबारक, इस्लामाबाद (बर्तानिया)

तशह्हुद, ताअव्वुज़ और सूरत फ़ातिहा की तिलावत के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने निम्नलिखित आयत की तिलावत की और इस का अनुवाद पेश फ़रमाया :

وَاعْبُدُوا اللّٰهَ وَلَا تُشْرِكُوْا بِهٖ شَيْـًٔا وَّبِالْوَالِدَيْنِ اِحْسَانًا وَّبِذِي الْقُرْبٰى وَالْيَتٰمٰى وَالْمَسٰكِيْنِ وَالْجَارِ ذِي الْقُرْبٰى وَالْجَارِ الْجُنُبِ وَالصَّاحِبِ بِالْجَنْۢبِ وَابْنِ السَّبِيْلِ ۙ وَمَا مَلَكَتْ اَيْمَانُكُمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ لَا يُحِبُّ مَنْ كَانَ مُخْتَالًا فَخُوْرًا (अल् निसा आयत : 37) इस आयत का अनुवाद है : और तुम अल्लाह तआला की इबादत करो और किसी चीज़ को उस का शरीक न बनाओ और माता पिता के साथ बहुत एहसान करो और तथा रिश्तेदारों और यतीमों और मिस्कीनों के साथ और इसी तरह रिश्तेदार हमसाइयों और बे-तअल्लुक़ हमसाइयों और पहलू में बैठने वाले लोगों और मुसाफ़िरों और जिनके तुम मालिक हो उनके साथ भी। और जो मुतकब्बिर और इतराने वाले हों उन्हें अल्लाह कदापि पसंद नहीं करता।

हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया : अल्लाह तआला आज हमें ईद मनाने की तौफ़ीक़ अता फ़र्मा रहा है लेकिन एक मोमिन के लिए हक़ीक़ी ईद केवल यही नहीं कि अच्छे कपड़े पहन लिए अच्छे खाने खा लिए। दोस्तों के साथ मज्लिस में बैठ कर ख़ुश गपियों में वक़्त गुज़ार लिया। ईद की नमाज़ पढ़ कर समझ लिया कि अब ईद का फ़र्ज़ तो अदा हो गया इस लिए अब खुली छुट्टी है जो चाहो करो। न उस दिन वक़्त पर ज़ुहर की नमाज़ की अदायगी का ख़्याल न अस्र की नमाज़ का ख़्याल न बाक़ी नमाज़ों का ख़्याल और अगर ख़्याल आया भी तो जल्दी जल्दी जमा कर के पढ़ ली। बल्कि कुछ लोग तो ईद की नमाज़ भी नहीं पढ़ते और जब ईद की नमाज़ हो जाती है तो बड़े एहतेमाम से उठकर तैयार हो कर ईद के दिन की जो दूसरी रौनक़ें हैं उनमें व्यस्त हो जाते हैं जैसे यही ईद का उद्देश्य है। यह मैं बात केवल बात नहीं कर रहा बल्कि मैंने ऐसे लोग देखे हैं जो ईद की नमाज़ भी नहीं पढ़ते और कह देते हैं कि हमें नींद आ गई थी हम सोए रहे।

याद रखना चाहिए कि ईद वाला दिन तो ज़्यादा इबादत वाला दिन है। आम दिनों में तो पाँच नमाज़ें फ़र्ज़ हैं और ईद वाले दिन छः नमाज़ें फ़र्ज़ हैं। यहाँ तक कि औरतों को भी जिन्हें कुछ दिनों में नमाज़ माफ़ होती है उन्हें भी ईद वाले दिन ईद-गाह जाने का हुक्म है। अतः ईद के दिन की बहुत एहमीयत है। ईद वाले दिन केवल एक त्योहार मनाने की तरह जमा होने का दिन नहीं है बल्कि इस में अल्लाह तआला ने जो हमारे सपुर्द काम किए हैं उनका आम दिनों से बढ़ कर हक अदा करना ज़रूरी है। अपनी इबादत के भी हक़ अदा करना ज़रूरी है और बंदों के हक़ अदा करना भी ज़रूरी है। इस दिन यह अह्द करना चाहिए कि मैं अल्लाह तआला के हक़ अदा करने की भी मुस्तक़िल कोशिश अब करता रहूँगा और बंदों के हक़ अदा करने की भी नियमित कोशिश करता रहूँगा तभी हमारी ईदें हक़ीक़ी ईदें होंगी। अतः ऐसी ईदों को हासिल करने की कोशिश करनी चाहिए। अल्लाह तआला ने हमें इन हुक़ूक़ की अदायगी की क़ुरआन-ए-करीम में बहुत जगह तवज्जा दिलाई है। अगर हम आज ईद के दिन यह अह्द करते हुए इन हुक़ूक़ और फ़रायज़ की अदायगी पर तवज्जा दें कि आइन्दा हमने उनको अपनी ज़िंदगीयों का हिस्सा बनाना है जिनका मैं उमूमी तौर पर पिछले जुमा के ख़ुतबात में भी वर्णन करता रहा हूँ तो हमने अपने रमज़ान के उद्देश्य को पा लिया और ईद मनाने के उद्देश्य को भी पाने वाले होंगे।

यह आयत जो मैंने तिलावत की है इस में अल्लाह तआला ने कुछ फ़रायज़ की तरफ़ तवज्जा दिलाई है और ये अदा न करने वाले तकब्बुर करने वाले और शेख़ी बघारने वाले हैं और ऐसे लोगों को अल्लाह तआला पसंद नहीं करता। अतः जिन्हें अल्लाह तआला पसंद नहीं करता न उनका दीन है न दुनिया। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भी एक अवसर पर इस का बड़ा सख़्त इंज़ार फ़रमाया है। आपने फ़रमाया कि जिसके दिल में ज़र्रा भर भी तकब्बुर होगा अल्लाह तआला उसे जन्नत में दाख़िल नहीं होने देगा। एक शख़्स ने अर्ज़ किया कि इन्सान चाहता है कि अच्छा कपड़ा पहने अच्छी जूती पहने ख़ूबसूरत लगे तो यह किस ज़ुमरे में आएगा। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि यह तकब्बुर नहीं है आपने फ़रमाया कि अल्लाह तआला तो ख़ुद ख़ूबसूरत है और ख़ूबसूरती को पसंद फ़रमाता है। आपने फ़रमाया तकब्बुर यह है कि इन्सान हक़ का इन्कार करे। लोगों को ज़लील समझे उन्हें हक़ारत की नज़र से देखे और उनसे बुरी तरह से पेश आए। अतः ईद वाले दिन अच्छे कपड़े पहनना तैयार होना ख़ुशबू लगाना ये सब चीज़ें अल्लाह तआला को पसंद हैं लेकिन उनको फ़ख़र और तकब्बुर का ज़रीया बनाना यह अल्लाह तआला को पसंद नहीं है। इस आयत में इन बातों की तरफ़ तवज्जा दिला कर फिर आख़िर में कहा है कि अल्लाह तआला हर मुतकब्बिर और शेख़ी दिखाने को पसंद नहीं फ़रमाता इन बातों में अल्लाह तआला का भी हक़ है और बंदों का हक़ भी है। अल्लाह तआला का हक़ है कि उस की इबादत की जाए। अब यह बेशक अल्लाह तआला का हक़ है कि उसकी इबादत की जाए और किसी चीज़ को इस का शरीक न ठहराया जाए लेकिन इस का फ़ायदा बंदे को है। लोग पूछते हैं अल्लाह तआला को इस का क्या फ़ायदा है। अल्लाह तआला को इस का कोई फ़ायदा नहीं है। नमाज़ों का इबादतों का अल्लाह तआला के ज़िक्र का अल्लाह तआला को याद करने का फ़ायदा हमें है और अल्लाह तआला हमें इस का बदला देता है इस लिए एक रिवायत में है कि एक आदमी ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से अर्ज़ किया। हे अल्लाह के रसूल मुझे कोई ऐसा अमल बताएं जो मुझे जन्नत में ले जाए और आग से दूर कर दे। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया अल्लाह तआला की इबादत कर उस के साथ किसी को शरीक न ठहरा नमाज़ पढ़ ज़कात दे और सिला रहमी कर। अर्थात रिश्तेदारों से प्यार और मुहब्बत का सुलूक करो। अतः देखें किस तरह अल्लाह तआला नवाज़ रहा है। दुनिया में भी नवाज़ रहा है और अगले जहान में भी जन्नत की ख़ुशख़बरी दे रहा है।

फिर एक और रिवायत में आता है आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया जो केवल अल्लाह के लिए दो ईदों की रातों में इबादत करेगा उस का दिल हमेशा के लिए ज़िंदा कर दिया जाएगा। कितनी बड़ी ख़ुशख़बरी है। अल्लाह तआला की ख़ातिर इबादत करने से हमेशा के लिए इनाम मिल रहा है। अतः ईद केवल ख़ुशियां मनाने का नाम नहीं है बल्कि उस की रातों को इबादतों से ज़िंदा करने का नाम है और इस से हमेशा के लिए फिर रुहानी ज़िंदगी हासिल हो जाती है। वे लोग जो समझते हैं कि रमज़ान ख़त्म हुआ अब आराम से सोएँगे। रमज़ान ख़त्म होने और ईद मनाने को हमें अपनी इबादतों से रुख़स्त या कमी का इजाज़तनामा नहीं समझ लेना चाहिए। ये इबादतें ही हैं जो हमारी दुनयावी और आख़िरी ज़िंदगी में अल्लाह तआला के फ़ज़लों का वारिस बनाने की ज़मानत बनेंगी। अल्लाह तआला ने इबादतों की तरफ़ तवज्जा दिलाने के बाद इस आयत में हुक़ूक़ुल ईबाद की अदायगी की तरफ़ तवज्जा दिलाई है। फ़रमाया माता पिता के साथ एहसान करो। अल्लाह तआला की रबूबियत के बाद माता पिता का सबसे बड़ा एहसान है जिन्हों ने पाल पोस कर बड़ा किया। यह ऐसा एहसान है जिसका बदला हम कभी उतार ही नहीं सकते। यहां माता पिता से एहसान से मुराद है कि हमेशा उनसे नरमी और प्यार से बात करो। उनका इज़्ज़त और एहतिराम करो। अल्लाह तआला दूसरी जगह फ़रमाता है فَلَا تَقُلْ لَّهُمَآ اُفٍّ अर्थात उन्हें उफ़ भी नहीं करना। अतः यह वह सुलूक है जिसका एक मोमिन को माँ बाप से करने का हुक्म है। फिर रिश्ता दारों से हुस्न-ए-सुलूक का हुक्म है। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि जो रिज़्क़ की फ़राख़ी चाहता है या जो चाहता है कि इस की उम्र में बरकत पड़े और इस का ज़िक्र-ए-ख़ैर ज़्यादा हो उसे सिला रहमी का ख़लक़ इख़तियार करना चाहिए। अपने सगे रिश्तेदार हैं या ससुराल की तरफ़ से रिश्तेदार हैं उनका ख़्याल रखना चाहिए जो लोग आसूदा हाल हैं उन्हें ईद की ख़ुशियों में अपने अज़ीज़ों को भी शामिल करना चाहिए। एक शख़्स ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में अर्ज़ किया कि मैं रिश्तेदारों से नेक सुलूक करूँ तब भी वे ताल्लुक़ तोड़ते हैं तो ऐसी सूरत में में क्या करूँ। आपने फ़रमाया कि तू जो कह रहा है अगर वह सच्च है तब भी इसी तरह करो। उनसे नेक सुलूक करो। यह तुम्हारा उन पर एहसान है और जब तक तुम उनसे यह सुलूक करते रहोगे अल्लाह तआला तुम्हारी मदद करता रहेगा। अतः नेक काम करना हमारा काम है और ईद की हक़ीक़ी ख़ुशी तभी है जब यह नेक सुलूक बग़ैर किसी बदले और अज्र के इन्सान करता रहे।

शेष पृष्ठ 10पर

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ की आयरलैण्ड की यात्रा, सितम्बर 2014 ई. (भाग-7)

डबलिन शहर की ओर यात्रा

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर साहब, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः सय्यद मुहयुद्दीन फ़रीद)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का इन्सानियत के ख़ातिर फ़िक्रमंद और ग़मगीं होने का एक कारण यह भी थी कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ख़ुदा तआला के हक़ीक़ी पैगंबर थे। क़ुरआन-ए-करीम में अल्लाह तआला ने बार-बार बनीनौ इन्सान को अमन और भाईचारे की ओर बुलाया है। अतः रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम अल्लाह तआला के हक़ीक़ी पैगंबर होने के नाते सख़्त बेचैन हो जाते कि बनीनौ इन्सान अल्लाह तआला के संदेश की ओर ध्यान नहीं दे रहा। इस में कोई शक नहीं कि जब अल्लाह तआला बनीनौ इन्सान को अमन की ओर बुलाता है तो इसी लिए बुलाता है कि अल्लाह तआला भी संसार के प्रत्येक व्यक्ति के लिए अमन चाहता है। अतः अल्लाह तआला की अमन के क़ियाम की यह इच्छा ही है जिसके कारण से वह संसार में अपने पैगंबर भेजता है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम अल्लाह तआला के प्यारे नबी थे और हमारे अक़ीदा के अनुसार ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम थे जिनके माध्यम से शरीयत कामिल कर दी गई। जब यह शरीयत कहती है कि अल्लाह तआला अपनी मख़लूक़ के लिए चाहता है कि वह अमन और सफ़लता से रहे तो फिर यह कैसे सम्भव है कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम मख़लूक़-ए-ख़ुदा को अमन, सुकून और सफ़लता के अतिरिक्त किसी और ओर बुलाऐं? इस में कोई शक नहीं कि रसूल-ए-करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने अपने समस्त कर्तव्य अदा किए और संसार को उत्तम तरीन रंग में अमन की ओर बुलाया और नऊज़ूबिल्लाह (हम इससे ख़ुदा की शरण चाहते हैं) कभी भी किसी किस्म के अत्याचार और फ़साद पर नहीं उकसाया बल्कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हमेशा प्रत्येक किस्म की सांप्रदायिकता, नफ़रत और फ़साद की भरपूर निंदा की।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

उदाहरण के तौर पर मदीना में जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम हाकिम निर्धारित हुए और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की हुकूमत क़ायम हुई तो कुछ ग़ैर मुस्लिम समाज को ज़हर-आलूद करना चाहते थे और समाज में बदअमनी पैदा करना चाहते थे। परन्तु उनकी इस बदनीयती के बावजूद आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उनके साथ अत्यधिक प्यार और शफ़क़त का व्यवहार फ़रमाया। जो भी इस्लामी के आरम्भ में तारीख़ का मुंसिफ़ाना ढंग में अध्ययन करे वे देखेगा कि हमेशा आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने विश्वव्यापी अमन और संरक्षण को निश्चित बनाने और प्रत्येक किस्म की बदअमनी, द्वेष और न इंसाफ़ी के ख़ातमा की हर सम्भव प्रयास किया।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ने फ़रमाया :

एक और बिंदु जो मैं वर्णन करना चाहता हूँ वह यह है कि इस्लाम का ख़ुदा वह ख़ुदा है जो समस्त जहानों का रब है और यह वह चीज़ है जोकि क़ुरआन-ए-करीम की पहली सूरत में वर्णनहुई है। अर्थात ख़ुदा वह ख़ुदा है जो समस्त जहानों का पालन पोषण और नशो नुमा करता है और जो इन्सानियत की प्रत्येक ज़ाहिरी-ओ-रुहानी आवश्यकता पूरी करता है। इस्लाम का ख़ुदा वह ख़ुदा है जो समस्त मख़लूक़ात का स्रष्टा है और जिसने समस्त सच्चे मुस्लमानों को नसीहत की है कि प्रत्येक सम्भव हद तक वे ख़ुदा तआला की सिफ़ात अपनाते हुए उस का क़ुरब और प्यार प्राप्त करने का प्रयास करें और ख़ुदा की सिफ़ात में "सलाम और मोमिन" भी शामिल हैं। अर्थात वह ऐसी ज़ात है जो प्रत्येक को अमन और संरक्षण फ़राहम करती है। जैसा कि मैंने अभी कहा कि वह समस्त जहानों का रब है और यह भी ख़ुदा की एक सिफ़त है। इस लिए जब ख़ुदा तआला अपने बंदों को अपनी सिफ़ात इख़तियार करने की नसीहत करता है तो हक़ीक़ी मोमिन जो ख़ुदा पर विश्वास रखता हो और इस की सिफ़ात प्राप्त करने की कोशिश करता हो, कैसे सम्भव है कि वह ग़ैर मुंसिफ़ या अत्याारी हो।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

अतः वह इस्लाम जिस पर मैं ईमान लाया हूँ और जिसकी में पैरवी करता हूँ वह न तो अत्याचारी है और न इंतिक़ाम लेने पर विश्वास रखता है। और न ही किसी किस्म के अत्याचार और फ़साद और न इंसाफ़ी की तलक़ीन करता है और न ही आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को नफ़रत और अत्याचार फैलाने के लिए मबऊस फ़रमाया गया बल्कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को चशमा-ए-रहमत बनाकर भेजा गया था जो हमेशा इन्सानियत के लिए अबदी और आलमगीर मुहब्बत के लिए जारी है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

आख़िरी ज़माना के बारे में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की भविष्यवाणी को देखा जाए कि यह किस ढंग में पूरी हुई तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की सदाक़त और भी स्पष्ट हो जाती है। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने भविष्यवाणी फ़रमाई थी कि एक ऐसा ज़माना आएगा कि मुस्लिम संसार रुहानी इन्हितात और तारीकी का शिकार हो जाएगी। जब इस्लामी शिक्षाएं आलूदा हो जाएँगी और मुस्लमानों की एक भारी अधिकतर संख्यां गुमराह हो चुकी आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने भविष्यवाणी फ़रमाई थी कि एक समय आएगा जब मुस्लमानों के अधिकतर बिल्कुल अख़लाक़ खो बैठेगी और उनमें इन्साफ़, अमन और रहम नाम का भी नहीं रहेगा। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया था कि जबकि क़ुरआन-ए-करीम अपनी ज़ाहिरी हालत में सुरक्षित रहेगा जबकि मुस्लमान उसकी शिक्षाओं पर अनुकरण नहीं करेंगे। मुस्लमान उल्मा या मौलवी केवल नाम के उल्मा होंगे और उनके अनुकरण इस्लाम की वास्तविक शिक्षाओं के विपरीत होंगे।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

ये समस्त भविष्यवाणियां वर्णन फ़रमाने के बाद आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि ऐसे ज़माना में अल्लाह तआला मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को अपना प्रतिनिधि बनाकर भेजेगा ताकि इस्लाम की असल शिक्षाओं को अज़सर-ए-नौ ज़िंदा किया जाए और उस समय मौजूदा रुहानी इन्हितात को ख़त्म किया जाए। हज़रत-ए-अक़दस मसीह -ए-मौऊद अलैहिस्सलाम को क़ुरआन-ए-करीम की शिक्षाओं को आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की सुन्नत के अनुसार संसार में इस्लाम की शिक्षाओं को पुनः से नाफ़िज़ करने के लिए भेजा गया।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

मेरे ईमान के अनुसार जिस मसीह मौऊद की भविष्यवाणी फ़रमाई गई थी वह आ चुका है। इस लिए मैं और समस्त अहमदी मुस्लमान यह विश्वास रखते हैं कि हमारी जमाअत के संस्थापक हज़रत-ए-अक़दस मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद क़ादियानी अलैहिस्सलाम ही मसीह मौऊद और मह्दी हैं, जो अमन और मुहब्बत पर आधारित इस्लाम की वास्तविक शिक्षाओं को संसार के प्रत्येक कोने में फैलाने के लिए पधारे। आप संसार को इस्लाम की हक़ीक़ी सुन्दरता बताने के लिए पधारे। आप प्रत्येक किस्म के ज़ुलम-ओ-सितम और आक्रामकता के विरुद्ध जिहाद करने के लिए पधारे। आप इन्सानियत को एक दूसरे के जायज़ हुक़ूक़ अदा करने की शिक्षा देने के लिए पधारे। आप मुहब्बत और शफ़क़त का प्रचार करने के लिए और संसार में जन्नत नज़ीर अमन क़ायम करने और संसार में इत्तिहाद और आपसी भाई चारा के क़ियाम के लिए पधारे। यही आप अलैहिस्सलाम का संदेश था और यही आपका था।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

यही वह विशेष संदेश है जो अहमदिया मुस्लिम जमाअत संसार के प्रत्येक कोने और प्रत्येक क्षेत्र में फैलाने का प्रयास कर रही है। अतः यह प्रत्येक अहमदी की ज़िम्मेदारी है चाहे वे संसार के किसी भी क्षेत्र में रिहायश पज़ीर हो कि इस शांति प्रिय संदेश को बड़े जोश से फैलाए और इस का प्रचार करे। यही वह संदेश है जो दुनिया-भर में प्रत्येक अहमदी मस्जिद से निकलता है। हमारी मस्जिदें अमन और आपसी प्रेम का केंद्र हैं, जहां इन्सानियत को मुहब्बत और प्यार से मुत्तहिद करने वाले इकट्ठे

होते हैं ताकि आपसी प्रेम पैदा किया जाए , इबादत की जाए और समस्त इन्सानियत के अमन, संरक्षण और सफ़लता के लिए दुआ की जाए। हमारी मस्जिदें उन लोगों से भरी हैं जो केवल अमन का नाम ही नहीं लेते बल्कि प्रत्येक सम्भव प्रयास करते हैं कि संसार के प्रत्येक व्यक्ति के लिए अमन और संरक्षण को निश्चित बनाया जाए।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ने फ़रमाया :

इन्सानी सफ़लता, अमन और हक़ीक़ी इन्साफ़ को तक़वियत देने के लिए हम ने समाज की प्रत्येक सतह पर जो प्रयास किया हैं उन पर हमारी तारीख़ गवाह है। हमारी आयरलैंड की यह मस्जिद भी इसी उद्देश्य के लिए क़ायम की गई है। इस का नाम मस्जिद मर्यम रखा गया है। मर्यम या जिसे आप Mary कहते हैं मुस्लमानों में भी उतनी ही इज़्ज़त से जानी जाती हैं जितनी कि ईसाइयत में। क़ुरआन-ए-करीम में अल्लाह तआला ने मर्यम का कई बार वर्णन फ़रमाया है और उन के आला तरीन स्थान का वर्णन किया है। निश्चित हज़रत मर्यम अलैहिस्सलाम नेक और पाक-बाज़ महिला थीं जिन्हें इस्लाम में इस हद तक इज़्ज़त दी गई है कि क़ुरआन-ए-करीम में आता है कि प्रत्येक हक़ीक़ी मुस्लमान मर्यम की मानिंद है यह इसलिए है कि हज़रत मर्यम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह तआला से बहुत प्यारा सम्बन्ध क़ायम किया था और आपने अपनी नेकी और इफ़्फ़त की प्रत्येक समय हिफ़ाज़त की। आपने अल्लाह तआला से विशेष मुहब्बत का सम्बन्ध क़ायम किया कि अल्लाह तआला बराह-ए-रस्त हज़रत मर्यम अलैहिस्सलाम से हमकलाम हुआ और स्वयं उस की पाकदामनी की गवाही दी। हज़रत मर्यम अलैहिस्सलाम ख़ुदा तआला के समस्त सुहुफ़ पर ईमान रखती थीं, पाक-बाज़ थीं और आपने ख़ुदा तआला की इताअत में एक विशेष स्थान प्राप्त किया था। हज़रत मर्यम अलैहिस्सलाम निश्चित समस्त सच्चे मोमिनीन के लिए एक उदाहरण हैं। आप अलैहिस्सलाम का आला स्थान इस बात से भी स्पष्ट है कि क़ुरआन-ए-करीम कहता है कि हक़ीक़ी मुस्लमान मर्यमी सिफ़ात के हामिल होने चाहिऐं। यदि वे इस जैसे होंगे तो निश्चित वे किसी को नुक़्सान और तकलीफ़ देने वाले नहीं होंगे। इस लिए प्रत्येक अहमदी मुस्लमान अपने अंदर मर्यम जैसी पाकीज़गी, परहेज़गारी और पाकबाज़ी पैदा करने की प्रयास करता है। अतः देखें कि क़ुरआन-ए-करीम ने मोमिनीन के लिए अत्यधिक सुन्दर उदाहरण वर्णन फ़रमाई है। यदि मुस्लमान इस मयार पर पूरा उतरें तो वह कभी दूसरों को तकलीफ़ देने वाले और बदअमनी का कारण नहीं बनेंगे।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

अब यह मस्जिद बन चुकी है । आप देखेंगे कि किस तरह यह रोशन तालीम जो मैंने वर्णन की है इस मस्जिद से हर तरफ फैलेगी। निश्चित यही वह शिक्षा है जो दुनिया-भर में हज़ारों अहमदी मस्जिदें के माध्यम से फैला रहें हैं। हाल ही में अफ़्रीकन शहर में ऐसी ही एक अहमदिया मस्जिद क़ायम हुई है। इस मस्जिद के उद्घाटन के अवसर पर एक ईसाई चीफ़ भी शामिल हुआ, जोकि इस से पहले जमाअत से परिचित नहीं था। जब वह आया तो उसने बताया कि मैं किसी अहमदी से सम्बन्ध या जमाअत से सम्बन्ध की आधार पर इस समारोह में शामिल नहीं हुआ बल्कि जब मैंने इस समारोह का दावतनामा देखा तो मैं हैरान रह गया कि एक मुस्लमान जमाअत मस्जिद के उद्घाटन के लिए किसी ईसाई को बुला रहें हैं? इस लिए इसी हैरानगी को दूर करने के लिए मैं इस समारोह में शामिल हुआ हूँ कि स्वयं जाकर देखूं कि ये किस किस्म का इस्लाम है, जिसमें एक मुस्लमान जमाअत ने ईसाई को अपनी मस्जिद के उद्घाटन के अवसर पर दावत दी है। उसने कहा कि जब मैं यहां पहुंचा तो ये देख कर मेरी हैरानगी की इंतिहा न रही कि समाज के प्रत्येक सतह से सम्बन्ध रखने वाले और विभिन्न धर्मों से सम्बन्ध रखने वाले लोग इस समारोह में निमंत्रित हैं। इस चीफ़ ने अपनी तक़रीर में कहा कि सबको साथ लेकर चलने की इस रूह ने यह प्रकट किया है कि अहमदिया मुस्लिम जमाअत ने न केवल इस क्षेत्र को नई मस्जिद दी है बल्कि इस क्षेत्र को एक नई जीवन दिया है और स्थानीय लोग को आपस में मिल-जुल कर आपसी प्रेम और आपसी मुहब्बत से रहने के नए तरीक़ हैं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

इसलिए आज इस मस्जिद, जैसा कि मैं पहले बता चुका हूँ कि रीपब्लिक आफ़ आयरलैंड की पहली अहमदिया मस्जिद है, का हमारी समस्त मस्जिदों की तरह उन्हें इक़दार और उद्देश्य पर आधार रखते हुए उद्घाटन किया जा रहा है। ये हक़ीक़ी इस्लामी शिक्षाओं को उजागर करने का होगा।

जहां एक ओर हम समस्त दुनिया में अपनी मस्जिदें में ख़ुदा का नाम लेते हैं और दूसरों को शांतिप्रिय तरीक़ पर इस बात की ओर ध्यान दिलाते हैं कि ख़ुदा-ए वाहिद के सामने सिर झुकाना हैं और उनके लिए दुआ करते हैं वहां हम जैसे और जहां भी सम्भव हो इन्सानियत की सेवा करने का प्रयास करते हैं

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया :

आप सब इन शा अल्लाह देखेंगे कि यह मस्जिद भी उन्ही इक़दार की हामिल होगी। आप मुशाहिदा करेंगे कि अहमदिया मुस्लिम जमाअत के लोग की यह दिल्ली-ख़्वाहिश है कि समस्त लोग चाहे उनके एतिक़ादात कुछ भी हों, या वे पूर्णता धर्म से दूर हों, अमन से रहें। आप देखेंगे कि अहमदी मुस्लमान समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्यार, मुहब्बत और हमदर्दी की सच्ची भावनाएं हैं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने अपने भाषण के आख़िर में फ़रमाया : इन शब्दों के साथ में एक मर्तबा फिर आप सबको इस समारोह में शामिल होने और मेरी बातें सुनने का शुक्रिया अदा करते हुए आपसे आज्ञा चाहता हूँ। अल्लाह तआला आप पर फ़ज़ल करे। आप सब का बहुत शुक्रिया।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ का यह भाषण नौ बजकर पाँच मिनट तक जारी रहा। इसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने दुआ करवाई।

इसके बाद सभी मेहमानों ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के साथ में खाना खाया। खाने के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ प्रेम पूर्वक मेहमानों से मिलने के लिए बारी बारी प्रत्येक टेबल पर तशरीफ़ ले गए और मेहमानों से बातचीत फ़रमाई और लोगों को शरफ़-ए-हाथ मिलाने सौभाग्य दिया।

इस अवसर पर कुछ मेहमानों ने दरख़ास्त करके हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के साथ तस्वीर खिचवाने का सौभाग्य भी प्राप्त किया।

यह प्रोग्राम साढ़े दस बजे तक जारी रहा। इसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ अपने रिहायशी अपार्टमंट में तशरीफ़ ले गए।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के भाषण का प्रत्येक आने वाले मेहमान पर गहरा प्रभाव हुआ और कुछ मेहमान अपने विचारों का प्रकटन किए बिना न रह सके।

हुज़ूर अनवर के भाषण पर मेहमानों के विचार

डिप्टी मेयर गालवे काओंटी Mr.Nian Byrne ने अपने विचारों का प्रकटन करते हुए कहा :

इस महान अवसर पर मैं जमाअत अहमदिया के समस्त लोगों को मुबारकबाद प्रस्तुत करता हूँ। मस्जिद मर्यम आपकी जमाअत के लिए एक भेंट है। विभिन्न अक़ायद से सम्बन्ध रखने वाले लोगों को एक जगह जमा होते देखना अत्यधिक ख़ुशी की बात है और इस बात का सबूत है कि आयरलैंड और विशेषता गालवे शहर इस्लाम अहमदियत को स्वागत कहता है।

हम आप लोगों की ज़बरदस्त मेहमान-नवाज़ी पर भी शुक्रिया अदा करते हैं।

गालवे काओनटी के एक कौंसिलर Tom Healy ने कहा : इस महान मस्जिद के उद्घाटन पर मैं अहमदिया मुस्लिम जमाअत को मुबारकबाद

शेष पृष्ठ 11 पर

हदीस नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और यदि खड़े होकर संभव न हो तो बैठ कर और यदि बैठ कर भी संभव न हो तो पीठ के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अः 17 मई 2019)

तालिबे दुआ

KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY, JAMAAT AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

पृष्ठ02 का शेष

हमने इस ढाल के विषय में बातें तो की हैं जिसके बारे में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि रोज़ा ढाल है लेकिन हमने इस ढाल के इस्तिमाल का तरीक़ सीखने की कोशिश नहीं की। हमने सेहरी और अफ़तारी का एहतिमाम तो किया लेकिन हमने सेहरी और अफ़तारी खाने के उद्देश्य को पूरा नहीं किया। हमने सारा दिन बग़ैर खाए पिए गुज़ार तो दिया लेकिन हमने इस फ़ाक़े के उद्देश्य को पूरा नहीं किया। अतः हमें ये जायज़े लेना होंगे कि जो उद्देश्य तक़्वा से पूरा होता है और जो तक़्वा हम में पैदा होना चाहिए थी वह हुई कि नहीं हुई।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के कुछ और इक़तेबासात भी मैं तक़्वा के बारे में प्रस्तुत करता हूँ जिनसे हमारी राहनुमाई होती है कि असल तक़्वा क्या है और किस किस्म का तक़्वा हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम हम में पैदा करना चाहते हैं?

इस बारे में एक अवसर पर आप ने फ़रमाया कि "असल तक़्वा जिससे इन्सान धोया जाता है और साफ़ होता है और जिस के लिए अम्बिया आते हैं वह दुनिया से उठ गया है। कोई होगा जो قَدْ اَفْلَحَ مَنْ زَكّٰىهَا (अश्शम्स : 10) का मिस्दाक़ होगा अर्थात जिसने उस को पाक किया वह अपना उद्देश्य पा गया। फ़रमाया कोई होगा जो قَدْ اَفْلَحَ مَنْ زَكّٰىهَاكَ का मिस्दाक़ होगा। "पाकीज़गी और तहारत उम्दा चीज़ है। इन्सान पाक और पवित्र हो तो फ़रिश्ते उस से मुसाफ़ा करते हैं। लोगों में इस की क़दर नहीं है अन्यथा उनकी लज़्ज़ात की हर अक्षय हलाल माध्यमों से उनको मिले। चोर चोरी करता है कि माल मिले लेकिन अगर वे सब्र करे तो ख़ुदा तआला उसे और राह से मालदार कर दे गा और यह चोरी सिर्फ़ ज़ाहिरी चोरी नहीं है। कुछ कारोबारी लोग भी जो अपनी ग़लत किस्म की चीज़ें बेचते हैं वे भी इसी ज़ुमरे में आ जाती हैं। "इसी तरह व्यभिचारी व्यभिचार करता है अगर सब्र करे तो ख़ुदा तआला उस की इच्छा को और राह से पूरी कर दे जिसमें उस की रज़ा हासिल हो। हदीस में है कि कोई चोर चोरी नहीं करता परन्तु इस हालत में कि वह मोमिन नहीं होता और कोई व्यभिचारी व्यभिचार नहीं करता परन्तु इस हालत में कि वह मोमिन नहीं होता।" अर्थात कि ईमान जब दिल से निकल जाता है तो उसी वक़्त फिर इन्सान से इस किस्म की हरकतें होती हैं। फ़रमाया कि "जैसे बकरी के सिर पर शेर खड़ा हो तो वह घास भी नहीं खा सकती तो बकरी जितना ईमान भी लोगों का नहीं है।" गुनाहों और बुराईयों को जब इन्सान करता है तो उस वक़्त यह एहसास होना चाहिए कि ख़ुदा तआला हमें हर वक़्त देख रहा है। फ़रमाया कि "असल जड़ और उद्देश्य तक़्वा है। जिसे वह हासिल हो तो सब कुछ पा सकता है बग़ैर उसके सम्भव नहीं है कि इन्सान छोटे और बड़े गुनाहों से बच सके।" छोटे गुनाहों और बड़े गुनाहों से बच्चे।" इन्सानी हुकूमतों के अहकाम गुनाहों से नहीं बचा सकते हुक्काम साथ साथ तो नहीं फिरते कि उनको ख़ौफ़ रहे। इन्सान अपने आपको अकेला ख़्याल कर के गुनाह करता है अन्यथा वह कभी न करे और जब वह अपने आपको अकेला समझता है इस वक़्त वह दहरिया होता है।" ईमान उस के अंदर कोई नहीं होता। ख़ुदा उस के दिल से निकल चुका होता है। वह उस वक़्त दहरिया हो जाता है "और यह ख़्याल नहीं करता कि मेरा ख़ुदा मेरे साथ है वह मुझे देखता है अन्यथा अगर वह यह समझता" कि ख़ुदा देख रहा है" तो कभी गुनाह नहीं करता। तक़्वा से सब चीज़ें है। क़ुरआन ने इबतिदा ही इसी से की है। اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ (अल् फ़ातिहा : 5) से मुराद भी तक़्वा है कि इन्सान जबकि अमल करता है परन्तु ख़ौफ़ से साहस नहीं करता कि उसे अपनी तरफ़ मंसूब करे और उसे ख़ुदा की सहायता से ख़्याल करता है और फिर इसी से आइन्दा के लिए मदद तलब करता है।" अल्लाह तआला से मदद मांगता है। अगर नेकी की भी तो यह नहीं कि मेरा कोई कमाल है मेरा दिल नेक है या मैं बहुत आला नेकी के मयार पर पहुंच गया हूँ बल्कि यह अल्लाह तआला का फ़ज़्ल है कि उसने मुझे इस नेकी की नमाज़ पढ़ने की तौफ़ीक़ दी, दुआ करने की तौफ़ीक़ दी। "फिर दूसरी सूरत भी هُدًى لِّلْمُتَّقِيْنَ (अल् बकरः : 3) से शुरू होती है। नमाज़, रोज़ा, ज़कात इत्यादि सब उसी वक़्त क़बूल होता है जब इन्सान मुत्तक़ी हो। उस वक़्त ख़ुदा समस्त दाई गुनाह के उठा देता है।" अर्थात गुनाह की तरफ़ बुलाने वाली तमाम चीज़ें जो हैं अगर तक़्वा हो तो उन को अल्लाह तआला दूर कर देता है। "बीवी की ज़रूरत हो तो बीवी देता है, दवा की ज़रूरत हो तो दवा देता है। जिस चीज़ की हाजत हो वह देता है और ऐसे स्थान से रोज़ी देता है कि उसे ख़बर नहीं होती।" फ़रमाया कि "एक और आयत क़ुरआन शरीफ़ में है اِنَّ الَّذِيْنَ قَالُوْا رَبُّنَا اللّٰهُ ثُمَّ اسْتَقَامُوْا تَتَنَزَّلُ عَلَيْهِمُ الْمَلٰٓئِكَةُ اَلَّا تَخَافُوْا وَلَا تَحْزَنُوْا (हा मीम सजदह : 31) इस से भी मुराद मुत्तक़ी हैं। ثُمَّ اسْتَقَامُوْا यानी उन पर ज़लज़ले आए, इबतिला आई, आंधीयां चलीं परन्तु एक अह्द जो इस से कर चुके उस से न फिरे।" वफ़ा के साथ अल्लाह तआला से ताल्लुक़ रखा। ईमान एक दफ़ा ले आए तो ईमान पर मज़बूत होते चले गए। यह नहीं कि ज़रा ज़रा सी बात पर ईमान हिलने लग जाए, मुतज़लज़ल हो जाए।

"फिर आगे ख़ुदा तआला फ़रमाता है कि जब उन्होंने ऐसा किया और सिदक़ और वफ़ा दिखलाई तो इस का प्रतिफल यह मिला تَتَنَزَّلُ عَلَيْهِمُ الْمَلٰٓئِكَةُ अर्थात उन पर फ़रिश्ते उतरे और कहा कि ख़ौफ़ और दुख मत करो। तुम्हारा ख़ुदा मुतवल्ली है। وَاَبْشِرُوْا بِالْجَنَّةِ الَّتِيْ كُنْتُمْ تُوْعَدُوْنَ(हा मीम सजदह : 31) और बिशारत दी कि तुम ख़ुश हो इस जन्नत से और इस जन्नत से यहां मुराद दुनिया की जन्नत है। जैसे क़ुरआन-ए-मजीद में है وَلِمَنْ خَافَ مَقَامَ رَبِّهٖ جَنَّتٰنِ(अल् रहमान : 47) फिर आगे है نَحْنُ اَوْلِيٰٓؤُكُمْ فِي الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا وَفِي الْاٰخِرَةِ(हा मीम सजदह : 32) दुनिया और आख़िरत में हम तुम्हारे वली और मुतकफ़्फ़िल हैं।" (मल् फ़ूज़ात, भाग 4 पृष्ठ 251से 253 ऐडीशन 1984 ई.)

अतः क्या ख़ुश-क़िस्मत हैं जिनका अल्लाह तआला मित्र हो जाये और मुतकफ़्फ़िल हो जाए, जो अपना हर काम ख़ुदा की रज़ा के हुसूल के लिए करने वाले हो।

फिर इस बात की वज़ाहत फ़रमाते हुए कि मोमिन और काफ़िर की कामयाबी में क्या अंतर होता है, मोमिन किस तरह अपनी कामयाबी को देखता है और काफ़िर किस तरह देखता है। फ़रमाया कि इस उसूल को हमेशा मद्द-ए-नज़र रखो कि मोमिन का काम यह है कि वह किसी कामयाबी पर जो उसे दी जाती है शर्मिंदा होता है। शर्मिंदा क्यों होता है? यह इज़हार होता है उस से कि मैं तो इस क़ाबिल नहीं था अल्लाह तआला के फ़ज़्ल ने यह सब कुछ दे दिया। जो भी अता है ये अल्लाह तआला के फ़ज़्ल से ही हुई है न कि मेरी किसी ख़ूबी की वजह से, मेरे किसी इलम की वजह से, मेरी अक़्ल की वजह से, मेरी दौलत की वजह से या मेरे जस्मानी हालत की वजह से। नहीं बल्कि यह ख़ुदा तआला का फ़ज़्ल है और जब यह एहसास होता है तो फिर ख़ुदा तआला की हमद करता है कि उसने अपना फ़ज़्ल किया और इस तरह पर वह क़दम आगे आगे रखता है और हर इबतिला में साबित-क़दम रह कर ईमान पाता है। फ़रमाया कि याद रखो कि काफ़िर की कामयाबी ज़लालत की राह है और मोमिन की कामयाबी से इस के लिए नेअमतों का दरवाज़ा खुलता है। काफ़िर क्योंकि हर चीज़ अपने पर फ़ख़र करता है और इस का क्रेडिट अपने ऊपर लेता है तो वह गुमराही में गिरता चला जाता है लेकिन मोमिन, हक़ीक़ी मोमिन जब अल्लाह तआला के फ़ज़्ल की तरफ़ हर चीज़ मंसूब करता है तो फिर उसके ऊपर नेअमतों का दरवाज़ा खुलता चला जाता है। फ़रमाया कि काफ़िर की कामयाबी इसलिए ज़लालत की तरफ़ ले जाती है कि वह ख़ुदा की तरफ़ रुजू नहीं करता बल्कि अपनी मेहनत, दानिश और क़ाबिलीयत को ख़ुदा बना लेता है परन्तु मोमिन ख़ुदा तआला की तरफ़ रुजू कर के ख़ुदा से एक नया परिचय पैदा करता है और इस तरह पर हर एक कामयाबी के बाद उस का ख़ुदा से एक नया मुआमला शुरू हो जाता है और इस में तबदीली होने लगती है। اِنَّ اللّٰهَ مَعَ الَّذِيْنَ اتَّقَوْا (अन्नहल : 129) ख़ुदा उनके साथ होता है जो मुत्तक़ी होते हैं।

याद रखना चाहिए क़ुरआन शरीफ़ में तक़्वा का शब्द बहुत मर्तबा आया है (सौ से ज़्यादा दफ़ा है) इसके अर्थ पहले शब्द से किए जाते हैं। यहां माआ का शब्द आया है अर्थात जो ख़ुदा को मुक़द्दम समझता है ख़ुदा उस को मुक़द्दम रखता है और दुनिया में हर किस्म की ज़िल्लतों से बचा लेता है। फ़रमाया कि मेरा ईमान यही है कि अगर इन्सान दुनिया में हर किस्म की ज़िल्लत और सख़्ती से बचना चाहे तो उस के लिए एक ही राह है कि मुत्तक़ी बन जाए फिर उस को किसी चीज़ की कमी नहीं। अतः मोमिन की कामयाबी उसको आगे ले जाती है और वह वहीं पर नहीं ठहर जाता। (उद्धरित भाग 1, पृष्ठ 155-156 ऐडीशन 1984 ई.)

फ़रमाया "तक़्वा का असर इसी दुनिया में मुत्तक़ी पर शुरू हो जाता है। यह केवल उधार नहीं नक़द है। बल्कि जिस तरह ज़हर का असर और तिरयाक़ का असर फ़ौरन बदन पर होता है इसी तरह तक़्वा का असर भी होता है।"

(मल् फ़ूज़ात, भाग 2 पृष्ठ 324 ऐडीशन 1984 ई.)

अतः अगर नेक काम करने, इबादात करने, नेकियां बजा लाने के बावजूद इन्सान की हालत पर-असर नहीं पड़ रहा तो फिर चिंता के योग्य बात है। बहुत सारे लोग कुछ सवाल भी लिखते हैं, भेजते हैं कि किस तरह पता लगे। तो पता इसी तरह लगेगा का अगर नेकियों की तरफ़ ज़्यादा तवज्जा पैदा हो रही है, अल्लाह की तरफ़ तवज्जा ज़्यादा पैदा हो रही है तो फिर वह काम इन्सान अल्लाह तआला की ख़ातिर कर रहा है और अल्लाह तआला इस में बरकत डाल रहा है।

तक़्वा की राहों की निशानदेही करते हुए, इस तरफ़ तवज्जा दिलाते हुए आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया हैं कि "इन्सान की तमाम रुहानी ख़ूबसूरती तक़्वा की तमाम बारीक राहों पर क़दम मारना है। तक़्वा की बारीक राहें रुहानी ख़ूबसूरती के

लतीफ़ नुक़ूश और ख़ुशनुमा ख़त-ओ-ख़ाल हैं।'' तक़्वा की बारीक राहें क्या हैं कि रुहानी तौर पर इस में एक ख़ूबसूरती पैदा हो जाती है।" और ज़ाहिर है कि ख़ुदा तआला की अमानतों और ईमानी ओहदों की जहा तक सम्भव हो रियाइत करना और सिर से पैर तक जितने अंग और आज़ा हैं जिनमें ज़ाहिरी तौर पर आँखें और कान और हाथ और पैर और दूसरे अंग हैं और बातिनी तौर पर दिल और दूसरी क़ुव्वतें और अख़लाक़ हैं उनको जहां तक ताक़त हो ठीक ठीक समय ज़रूरत पर इस्तिमाल करना और नाजायज़ अवसरों से रोकना और उनके पोशीदा हमलों से सचेत रहना और इसी के मुक़ाबिल पर हुक़ूक़-ए-इबाद का भी।" ये चीज़ें जो हैं ईमानी अह्द हैं जो अल्लाह तआला से हमने किए हैं कि अपनी आँख को भी सही जगह इस्तिमाल करना है। बदनज़री से बचाना है। ग़लत कामों से बचाना है। कानों को भी ग़लत बातें सुनने से बचाना है। हाथ और पैर से भी नेक अमल करने हैं। दिल के अंदर जो गंदे ख़्यालात हैं उनको भी निकालना है और इस के लिए ज़्यादा से ज़्यादा इस्तिग़फ़ार भी करनी चाहिए।

दूसरी क़ुव्वतें हैं उनसे भी काम लेना है। अपने अख़लाक़ को आला मयार तक पहुंचाना है। यह अह्द हैं ईमानी अह्द जो अल्लाह तआला से इन्सान करता है। फ़रमाया कि तुमने उनको पूरा करना है और इस के मुक़ाबले पर फ़रमाया कि हुक़ूकुल ईबाद का भी लिहाज़ रखना है। बंदों के जो हुक़ूक़ हैं उनका भी ख़्याल रखना है। वे चीज़ें तो तुम्हारे अपने लिए हो गईं अब बंदों के हक़ भी अदा करने हैं और अगर ये हक़ अदा होंगे तो फ़रमाया'' ये वह तरीक़ है जो इन्सान की तमाम रुहानी ख़ूबसूरती इस से जुड़ी है।" अल्लाह के हक़ अदा हो गए, बंदों के हक़ अदा हो गए तो रुहानी ख़ूबसूरती इन्सान में पैदा हो जाती है "और ख़ुदा तआला ने क़ुरआन शरीफ़ में तक़्वा को लिबास के नाम से मौसूम किया है। इस लिए لِبَاسُ التَّقْوٰی क़ुरआन शरीफ़ का शब्द है। यह इस बात की तरफ़ इशारा है कि रुहानी ख़ूबसूरती और रुहानी ज़ीनत तक़्वा से ही पैदा होती है और तक़्वा यह है कि इन्सान ख़ुदा की समस्त अमानतों और ईमानी अह्द और ऐसा ही मख़लूक़ की तमाम अमानतों और अह्द की जहाँ तक सम्भव हो रियाइत रखे अर्थात उनके दक़ीक़ दर दक़ीक़ पहलूओं पर अंत तक कारबन्द हो जाए।"

(ज़मीमा बराहीन-ए-अहमदिया भाग पांच, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 21पृष्ठ 209-210)

इबादात के बारे में अल्लाह तआला के जो हुक्म हैं, अपनी ज़ात को सही करने के बारे में, लोगों के हक़ अदा करने के बारे में उनकी बारीकियों में जा कर उन को अदा करने की कोशिश करो। अतः जब तक इन्सान हुक़ूकुल्लाह और हुक़ूकुल ईबाद के बारीक दर बारीक पहलूओं पर अमल करने की कोशिश न करे उस वक़्त तक आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि तक़्वा का मयार हासिल नहीं होता। अतः यह बहुत अहम नुक्ता है जिसे हमें याद रखना चाहिए कि केवल इबादतें अगर उस के साथ बंदों के हुक़ूक़ की अदायगी नहीं तो कुछ फ़ायदा नहीं देतीं और केवल मख़लूक़ के कुछ हक़ अदा कर देना और ख़ुदा तआला को भूल जाना जिस तरह लोग कहते हैं हम बंदों के हक़ अदा कर रहे हैं यह भी तक़्वा पर चलने वाले नहीं बना सकते। एक हक़ीक़ी मोमिन के लिए दोनों हुक़ूक़ का ख़्याल रखना ज़रूरी है।

